>

Title: Need to extend the areas covered under the tribal schemes in Rajasthan.

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) : सभापति महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। राजस्थान राज्य में वर्तमान में 23 माडा ब्लॉक्स और 11 माडा कलस्टर्स हैं। इन माडा कलस्टर्स और माडा एरियाज को जोड़ कर उनका विस्तार करने की जनजातीय मंत्री जी से मांग करता हूं। इसके लिए राजस्थान सरकार ने 212 गांवों का नाम प्रस्तावित किया है। इन्हें जोड़ कर उनकी आबादी करीब 15,72,386 बैठती है। इन कलस्टर एरियाज में चार ऐसे ब्लॉक्स हैं जिन की 50 आबादी जनजाति लोगों की है। जो 212 गांव प्रस्तावित किए हैं उनकी आबादी भी 50 परसेंट से ऊपर है। मैं जनजातीय कार्य मंत्री से आग्रह करता हूं कि इन जनजातीय क्षेत्रों में जो माडा कलस्टर का एरिया है, उसके साथ-साथ उपयोजना क्षेत्र में इसका विस्तार किया जाए ताकि जनजातीय क्षेत्रों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

MR. CHAIRMAN :

Shri Punnu Lal Mohale – not present.